## न्यूज डायरी



### इस्लामिक आतंकवादियों के खिलाफ पूरे यूरोप के साथ खड़ा है अमेरिकाः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वियना में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। ट्रंप ने कहा कि उनका देश इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में ऑस्ट्रिया, फ्रांस और पूरे यूरोप के साथ खड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस तरह के क्रूर हमले निश्चित रूप से रुकने चाहिए। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब वियना में भीषण आतंकी हमला हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्वीट करके कहा, यूरोप में आतंकवाद की एक और आतंकवादी घटना हुई है और हमारी वियना के लोगों के साथ पूरी संवेदना है। निर्दोष लोगों के खिलाफ ये ये क्रूर हमले निश्चित रूप से रुकने चाहिए। अमेरिका ऑस्ट्रिया, फ्रांस और पूरे यूरोप के साथ आतंकवाद के खिलाफ जंग में खड़ा है। इसमें इस्लामिक आतंकवाद भी शामिल है। इससे पहले ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में राइफल से लैस आतंकवादियों ने सोमवार की रात 6 जगहों पर जमकर हिंसा की।

### अमेरिका में किन दो पार्टियों के बीच है टक्कर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। अमेरिका में हर 4 साल पर राष्ट्रपति पद का चुनाव नवंबर के पहले सोमवार के बाद आने वाले पहले मंगलवार को होता है। अमेरिका में दो-पार्टी सिस्टम है और राष्ट्रपति इन्हीं दो पार्टियों में से एक का होता है। रिपब्लिकन कन्जर्वेटिव पार्टी है और इस साल भी उसके उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप हैं। इसे ग्रैंड ओल्ड पार्टी भी कहते हैं। हाल के सालों में इसने कम टैक्स, हथियारों के अधिकार और इमिग्रेशन पर प्रतिबंध के मुद्दों पर ध्यान दिया है। पहले जॉर्ज बुश, रॉनल्ड रीगन और रिचर्ड निक्सन रिपब्लिकन राष्ट्रपति रह चुके हैं। वहीं, डेमोक्रैट लिबरल पार्टी है और उसके उम्मीदवार जो बाइडेन हैं। डेमोक्रैट सिविल राइट्स, इमिग्रेशन और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर ध्यान देते हैं। डेमोक्रैट्स का मानना है कि सरकार की भूमिका लोगों को बीमा देने जैसे कामों से जुड़ी होती है। जॉन एफ केनेडी और बराक ओबामा डेमोक्रैट राष्ट्रपति रह चुके हैं। जो बाइडेन की चीन और ताइवान नीति पर दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं।

### भूकंप के चार दिन बाद मलबे से जिंदा निकाली गई बच्ची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इजमिर (तुर्की)। तुर्की के तटीय शहर इजमिर में राहतकर्मियों ने शक्तिशाली भूकंप के चार दिन बाद एक अपार्टमेंट के मलबे के नीचे से एक बच्ची को जीवित निकाला है। आयदा गेजगिन नाम की लड़की को मंगलवार को एंबुलेंस से ले जाते हुए देखा गया, उसे कंबल ओढ़ाया गया था। उसे निकाले जाने पर राहतकर्मियों ने ताली बजाकर प्रसन्नता जाहिर की। तुर्की के इस तीसरे सबसे बड़े शहर से राहतकर्मियों द्वारा और शव निकाले जाने के बाद भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 102 हो गई है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता सात मापी थी यद्यपि तुर्की की अन्य एजेंसियों ने इसे कम तीव्रता वाला बताया था।

### प्रियंका राधाकृष्णन न्यूजीलैंड की पहली भारतीय मूल की मंत्री बनीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। प्रियंका राधाकृष्णन सोमवार को न्यूजीलैंड की मंत्री बनी जो इस पद पर काबिज होने वाली पहली भारतीय मूल की नागरिक हैं। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने अपने मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्रियों को शामिल किया, जिनमें प्रियंका भी शामिल है। दो सप्ताह पहले अर्डर्न की पार्टी ने देश के आम चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल की थी। भारत में जन्मी और लेबर पार्टी की नेता प्रियंका (41) ने कहा, "आज बहुत ही खास दिन है। मैं हमारी सरकार का हिस्सा बनने की विशेष भावना से अभिभूत हूं।" उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा, "मुझे बधाई संदेश भेजने वाले सभी लोगों का बहुत बहुत शुक्रिया। मंत्री नियुक्त किये जाने पर अभिभूत हूं और इस कार्यकाल में मंत्रियों के उत्कृष्ट समूह के साथ काम करने को लेकर आशान्वित हूं।" प्रियंका चेन्नई में जन्मी थीं लेकिन उनका परिवार केरल के परावूर से है। उन्होंने स्कूल तक पढ़ाई सिंगापुर में की और फिर आगे की पढ़ाई के लिए वह न्यूजीलैंड आ गईं।

# फ्रांस के मिराज फाइटर जेट ने बरपाया कहर

**हमला**

## 50 इस्लामिक आतंकवादियों की मौत, 30 मोटरसाइकिलें नष्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस/अंकारा। फ्रांस की वायुसेना ने अफ्रीकी देश माली में सक्रिय अलकायदा के आतंकवादियों पर जोरदार हवाई हमला बोला है। फ्रांसीसी वायुसेना के मिराज फाइटर जेट और ड्रोन विमानों ने मध्य माली में मिसाइलें दागीं जिससे कम से कम 50 इस्लामिक आतंकवादियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फ्रांस ने यह हमला बुर्कीन फासो और नाइजर की सीमा के पास शुक्रवार को किया गया।

फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ले ने माली की संक्रमणकालीन सरकार से मुलाकात के बाद कहा कि 30 अक्टूबर को माली में फ्रेंच एयरफोर्स ने एक आक्रामक कार्रवाई की जिसमें 50 जिहादी मारे गए। इस दौरान बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए। इस इलाके में माली की सरकार इस्लामिक आतंकवादियों का सामना कर रही है। फ्रांसीसी रक्षामंत्री ने कहा कि 30



मोटरसाइकिलें भी हवाई हमले में नष्ट हो गई हैं।

**विमानों ने आतंकवादियों पर मिसाइलें दागीः** उन्होंने बताया कि यह हमला उस समय किया गया जब ड्रोन ने पता लगाया कि बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल पर सवार होकर लोग तीनों देशों की सीमा पर मौजूद हैं। ये जिहादी पेड़ों के नीचे छिप गए और निगरानी से बचने का प्रयास करने लगे। इसके बाद फ्रांसीसी वायुसेना ने अपने दो मिराज फाइटर जेट और ड्रोन विमान वहां भेजे। इन विमानों ने आतंकवादियों पर मिसाइलें दागी जिससे उनका सफाया हो गया। सेना के प्रवक्ता कर्नल फ्रेडरिक बार्बी ने कहा कि 4 आतंकवादियों को पकड़ा गया है। उनके पास से विस्फोटक और सूइसाइड जैकेट बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि यह जिहादियों का समूह सेना के एक अड्डे पर हमले की तैयारी में था। बार्बी ने कहा कि इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों के साथ ग्रेटर सहारा इलाके में एक मुठभेड़ चल रही है। इसमें करीब 3 हजार सैनिक शामिल हैं।

वही फ्रांस के एक शिक्षक की गला काटकर निर्मम तरीके से हत्या कर दिए जाने के बाद से ही पेरिस और तुर्की के बीच विवाद गहराता जा रहा है। फ्रांस और तुर्की के बीच अभिव्यक्ति की आजादी बनाम धार्मिक संवेदनशीलता की इस कूटनीतिक लड़ाई के पीछे अफ्रीका में वर्चस्व की जंग भी छिपी हुई है। खलीफा बनने की चाहत रखने वाले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगान ने बुधवार को आरोप लगाया था कि पश्चिमी देश एक बार फिर से धर्मयुद्ध शुरू करना चाहते हैं। एर्दोगान का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां ने पैगंबर मोहम्मद साहब के कार्टून के प्रकाशन का समर्थन किया है। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा कि यह तुर्की के लिए एक सम्मान की बात है कि वह पैगंबर के खिलाफ होने वाले हमले के खिलाफ खड़ा हो जो मक्का, मदीना, अफ्रीका, एशिया, यूरोप और पूरे विश्व में हमेशा से ही आदरणीय रहे हैं।

## वियना आतंकवादी हमले के बाद तलाश हुई तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वियना। ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में घातक राइफल से लैस आतंकवादियों ने सोमवार की रात 6 जगहों पर जमकर तांडव मचाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि अब तक इस हमले में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है और कई घायल हैं। पुलिस के जवाबी हमले में एक संदिग्ध की मौत हो गई है। आतंकवादी हमले के बाद पुलिस ने भी जोरदार कार्रवाई शुरू की है।

वियना में यह हमला कोरोना वायरस लॉकडॉउन के ठीक पहले हुआ है। पुलिस ने अभी एक संदिग्ध आतंकी को घेर रखा है। बताया जा रहा है कि पहला हमला स्थानीय समयानुसार रात करीब 8 बजे एक सिनेगॉग के पास हुआ। हमलावर घातक राइफल से लैस थे। बताया जा रहा है कि एक आतंकी अभी भी फरार चल रहा है और पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए पूरे शहर को घेर लिया है। सीमा पर बहुत कड़ी जांच की जा रही है। यही नहीं बच्चों को मंगलवार को स्कूल नहीं आने के लिए कहा गया है।

पुलिस ने बताया कि एक संदिग्ध हमलावर को मार गिराया गया है। हालांकि उसके साथ दो आम नागरिक भी कार्रवाई में मारे गए। एक पुलिस अधिकारी को भी गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर है।



कट्टर इस्लाम के खिलाफ छेड़ी जंग, बयान से बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। पैगंबर मोहम्मद साहब के कार्टून विवाद के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां के बाद उनके एक मंत्री के बयान से बवाल मच गया है। फ्रांस के आंतरिक मामलों के मंत्री गेराल्ड डरमानिन ने रविवार को एक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा कि फ्रांस ने कट्टरपंथी इस्लाम के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। इससे पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा था कि इस्लाम संकट में है। मैक्रों के इस बयान की मुस्लिम देशों ने कड़ी आलोचना की थी। मैक्रां ने दो अक्टूबर को इस्लामिक अलगाववाद से निपटने के लिए अपनी योजना पेश की थी। उन्होंने कहा कि इस्लामिक अलगाववाद से निपटने के लिए संसद में एक बिल पेश किया जाएगा।

## अमेरिका में शुरू हुई चुनावी जंग, हिंसा की आशंका के बीच वाइट हाउस की किलेबंदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2020 के लिए वोटिंग शुरू हो चुकी है और सबसे पहले न्यू हैंपशायर में वोट पड़े हैं। इन चुनावों में रिपब्लिकन उम्मीदवार और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रैटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन से है।

बाइडेन के साथ उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार भारतीय मूल की कमला हैरिस हैं जबकि ट्रंप के साथी हैं उपराष्ट्रपति माइक पेंस। चुनाव की पूर्व संध्या पर, हिंसा की आशंका के मद्देनजर, कामगार प्रमुख दुकानों और स्टोरों पर सुरक्षा के लिए लकड़ी के फ्रेम लगाते दिखे। यह स्थिति न्यूयॉर्क

**मतदान का स्तर 2016 से अधिक रहने की संभावना**

से लेकर बोस्टन और ह्यूस्टन से लेकर वाशिंगटन एवं शिकागो तक देखने को मिली। अमेरिका के 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनावों को देश के हाल के इतिहास के सबसे विभाजनकारी चुनावों में से एक बताया जा रहा है। चुनाव के दिन हिंसा की आशंका के बीच वाइट हाउस, प्रमुख वाणिज्य क्षेत्रों और बाजारों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंगलवार को होने वाले मतदान से पहले अहम सरकारी प्रतिष्ठान हाई अलर्ट पर हैं। सीक्रेट सर्विस (खुफिया सेवा) ने वाइट हाउस को किले में तब्दील कर दिया है। इसके बाद राष्ट्रपति के आवास के परिसर के चारों तरफ एक अस्थायी ऊंची दीवार खड़ी की गई है।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभी तक सर्वाधिक करीब 10 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं और अन्य छह करोड़ के मंगलवार को चुनाव वाले दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की संभावना है। मतदान का स्तर 2016 से अधिक रहने की संभावना है। उदाहरण के लिए हवाई, टेक्सास और मोंटाना जैसे राज्यों में पहले ही 2016 के मतदान से अधिक वोटिंग हो चुकी है। वहीं नॉर्थ कैरोलाइना, जॉर्जिया, न्यू मेक्सिको, नेवाडा और टेनेसी में सर्वाधिक पूर्व-मतदान हुआ है, जो कि 2016 में हुए मतदान से करीब 90 प्रतिशत अधिक है।

## ऑस्ट्रिया में हुई गोलीबारी में तीसरे शख्स की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वियना। ऑस्ट्रिया के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि वियना में गोलीबारी के बाद तीसरे शख्स की मौत हो गई है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्री कार्ल नेहम्मेनर ने पत्रकारों को बताया कि मृतकों में दो पुरुष एवं एक महिला है। पुलिस ने एक संदिग्ध को भी मार गिराया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि मारा गया संदिग्ध इस्लामिक स्टेट समूह से हमदर्दी रखता था। अधिकारी अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या और हमलावर भी हैं। वियना के लोगों से घर में ही रहने का अनुरोध किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राजधानी के मध्य में हुए हमले में 15 लोग जख्मी हुए हैं। घायलों में एक पुलिस अधिकारी भी शामिल है। गृह मंत्री ने घटना को ऑस्ट्रिया के मूल्यों और लोकतांत्रिक समाज पर हमला बताया है। उन्होंने कहा, " हमलावर आतंकी समूह आईएस से हमदर्दी रखता था।" उन्होंने जांच जारी रहने का हवाला देकर और जानकारी देने से इनकार कर दिया।